दैनिक जागरण 01/08/2025

# जनसंचार सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है : डा. रोहित



जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी व स्टाफ। ● विज्ञप्ति

**अंबाला ● (विज्ञप्ति)** : ओस्का एवं इद्रीश फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत जनसंचार के क्षेत्र में दक्षता और व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आज के डिजिटल युग में मास कम्युनिकेशन केवल खबरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन चुका है। प्रवक्ता राजिंदर मीरवाल ने पत्रकारिता, डिजिटल मीडिया, पीआर और कंटेंट क्रिएशन जैसे विषयों पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान राहुल और करिश्मा सहित अन्य मौजूद रहे।